**1. 'आस्तिक' का विलोम होगा?**
(1) स्वास्तिक
(2) नास्तिक
(3) कर्मयोगी
(4) धर्मवीर

Ans. (2)

**व्याख्या**- आस्तिक = अ+अस्ति+क अर्थात ईश्वर को मानने वाला। जबकि नास्तिक = न+अस्ति+क अर्थात ईश्वर को न मानने वाला। विशेष- आस्तिक का अर्थ होगा = ऋषि विशेष।

**2. 'जरा' का विलोम शब्द है?**
(1) थोड़ा
(2) यौवन
(3) जला
(4) अल्प

Ans. (2)

**व्याख्या**- जरा का अर्थ वृद्ध होता है जबकि ज़रा का अर्थ थोड़ा होता है। अल्प का विलोम बहु होता है।

**3. 'कृपण' का विलोम है?**
(1) परोपकारी
(2) दानी
(3) भिखारी
(4) स्वार्थी

Ans. (2)

**व्याख्या**- परोपकारी-अपकारी, स्वार्थी-परार्थी, भिखारी-अमीर, दानी-कृपण (कंजूस)।

**4. 'सबल' का विलोम है?**
(1) बलवान
(2) बलशाली
(3) निर्बल
(4) बल

Ans. (3)

**व्याख्या**- निर्+बल= निर्बल अर्थात् बिना बल के तथा स+ बल = सबल अर्थात् बल के साथ।

**5. विलोम की दृष्टि से सुमेलित विकल्प नहीं है?**
(1) अधिकृत-अनधिकृत
(2) अंत-आदि
(3) प्रबल - सबल
(4) अदृश्य-दृश्य

Ans. (3)

**6. 'नीरस' का विलोम शब्द है?**
(1) रसीला
(2) सरस
(3) विरस
(4) अरान

Ans. (2)

**व्याख्या**- नीरस = निर्+रस (बिना रस के) तथा सरस - स+रस (रस सहित )।

**7. 'मूक' का विलोम होगा?**
(1) हास
(2) शाप
(3) लोह
(4) वाचाल

Ans. (4)

**व्याख्या**- मूक का अर्थ 'चुप रहने वाला' होता है जबकि वाचाल का अर्थ 'बातूनी' अर्थात अधिक बोलने वाला होगा।

**8. वह अपने विषय का पूर्ण अभिज्ञ है, रेखांकित शब्द का विलोम है?**
(1) सर्वज्ञ
(2) अल्पज्ञ
(3) अनभिज्ञ
(4) विज्ञ

Ans. (3)

**व्याख्या**- 'अन्' उपसर्ग लगाकर भी विलोम शब्द बनाते है यथा एक-अनेक, अभिज्ञ (जानकार) -अनभिज्ञ (अनजान), अर्थ-अनर्थ, आर्य-अनार्य, आवृत-अनावृत, आहूत-अनाहूत।

**9. 'संतोष' का विलोम शब्द है?**
(1) असंतुष्ट
(2) निसंतोष
(3) असंतोष
(4) असंतोषी

Ans. (3)

**व्याख्या**- संतोष का विलोम असंतोष होता है लेकिन जब यह विशेषण के रूप में प्रयुक्त होता है। जैसे-संतोषी, तो संतोषी का विलोम असंतोषी होता है।

**10. 'स्वाधीन' का विलोम है?**
(1) गुलाम
(2) अधीन
(3) पराधीन
(4) परतंत्र

Ans. (3)

**व्याख्या**- स्व (अपना) + अधीन= स्वाधीन अर्थात अपने अधीन। इसी तरह पर (दूसरों के) + अधीन=पराधीन अर्थात् दूसरों या परायों के अधीन । परतंत्र-स्वतंत्र, गुलाम आजाद होता है।

**11. 'अति' का विपरीतार्थक शब्द है?**
(1) न्यून
(2) कम
(3) अल्प
(4) नगण्य

Ans. (3)

**व्याख्या**- अति का अर्थ अधिक होता है जबकि अल्प का अर्थ कम होता है, अत: अति का विलोम अल्प होगा।

**12. 'धनवान' का विलोम शब्द है?**
(1) अकिंचन
(2) किंकर
(3) कंचन
(4) धनाढ्य

Ans. (1)

**व्याख्या**- धनवान का अर्थ धन का अधिक होता है जबकि अकिंचन का अर्थ-कुछ भी न होता है। ध्यान रहे गरीब का विलोम अमीर होता है।

**13. निम्नलिखित में से किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं हैं? वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा)- 20.02.2019]**



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

(1) इष्ट-अभीष्ट
(2) उर्वर – अनुर्वर
(3) आजादी-गुलामी
(4) ईप्सित-अनीप्सित

Ans. (1)

**व्याख्या**- सही विलोम : इष्ट - अनिष्ट, अभीष्ट - अनभीष्ट

**14. कौनसा विलोम-युग्म सही है?**
(1) आशा-हताशा
(2) जय-अजय
(3) अंतरंग - बहिरंग बहिरंग
(4) अज्ञ-अल्पज्ञ

Ans. (3)

**व्याख्या**- अन्य विकल्पों के विलोम आशा-निराशा, जय पराजय, अज्ञ विज्ञ

**15. अशुद्ध विलोमता है?**
(1) हार-जीत, अग्र-पश्च
(2) सुकर-दुष्कर, स्याह-सफेद
(3) सापेक्ष-निरपेक्ष, भ्रान्त-निर्भ्रान्त
(4) विज्ञ-सुविज्ञ, ऋत-अनृत्

Ans. (4)

**16. 'गणतंत्र' का विलोम होगा?**
(1) लोकतंत्र
(2) स्वतंत्र
(3) निजतंत्र
(4) राजतंत्र

Ans. (4)

**17. निम्न विलोम युग्मों में से सही विकल्प चुनिए-**
(1) शुष्क - मलिन
(2) रक्षक-रक्षायी
(3) ज्ञानी-पंडित
(4) शोक - हर्ष

Ans. (4)

**व्याख्या**- हर्ष के विलोम का विषाद या शोक होता है।

**18. किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं हैं?**
(1) निष्क्रिय - सक्रिय
(2) स्थावर-जंगम
(3) अवसाद - विषाद
(4) भ्रांत निर्भ्रान्त

Ans. (3)

**19. किस विकल्प में विपरीतार्थक शब्द नहीं है-**
(1) हलका-भारी
(2) वियोग-संयोग
(3) हर्ष-विस्मय
(4) ग्राह्य-त्याज्य

Ans. (3)

**20. 'कृत्रिम' के लिए उचित विलोम शब्द लिखिए-**
(1) बनावटी
(2) नकली
(3) नैसर्गिक
(4) कठोर

Ans. (3)

**21. 'अवतल' शब्द का विपरीतार्थक शब्द छाँटिए-**
(1) पाताल
(2) त्रिताल
(3) उत्तल
(4) उत्ताल

Ans. (3)

**22. कौनसा विलोम युग्म सही नहीं है?**
(1) सापेक्ष-निरपेक्ष
(2) आपत्ति - विपत्ति
(3) स्वकीय - परकीय
(4) व्यष्टि - समष्टि

Ans. (2)

**व्याख्या**- सही विलोम : विपत्ति = सम्पत्ति

**23. कौनसा विलोम शब्द सही नहीं है?**
(1) आकर्षण-विकर्षण
(2) अमल-विमल
(3) ईमानदार-बेईमान
(4) कृतज्ञ - कृतघ्न

Ans. (2)

**व्याख्या**- सही विलोम : विमल/अमल

**24. कौनसा विलोम-युग्म सही है?**
(1) अंतरंग - बहिरंग
(2) राग -अनुराग
(3) विज्ञ-सुविज्ञ
(4) प्राचीन पुरातन

Ans. (1)

**25. निम्नलिखित में विलोम-युग्म नहीं है-**
(1) श्रान्त-अश्रान्त
(2) क्षम्य -अक्षम्य
(3) ग्राह्य-अग्राह्य
(4) शुचि- पवित्र

Ans. (4)

**व्याख्या**- सही विलोम : शुचि= अशुचि, पवित्र = अपवित्र

**26. 'वियोग' का विलोम शब्द है-**
(1) विरह
(2) बिछुड़ना
(3) अलग होना
(4) संयोग

Ans. (4)

**27. योग का विपरीतार्थक है-**
(1) संयोग
(2) वियोग
(3) प्रतियोग
(4) उपयोग

Ans. (2)

**29. 'चपल' का विलोम होता है-**
(1) महान



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

(2) स्थावर
(3) गंभीर
(4) अचल

Ans. (3)

**30. किस विकल्प के शब्द परस्पर विलोम नहीं है-**
(1) साम्य-वैषम्य
(2) सापेक्ष-निरपेक्ष
(3) ऋत -अनृत
(4) श्लाघनीय प्रशंसनीय

Ans. (4)

**व्याख्या** - सही विलोम : श्लाघनीय/प्रशंसनीय = निंदनीय

**31. इनमें विलोम शब्द-युग्म नहीं है-**
(1) स्थावर-जंगम
(2) मूक -वाचाल
(3) व्यष्टि - समष्टि
(4) हार -परिहास

Ans. (4)

**व्याख्या** - सही विलोम : हार= जीत, हास = परिहास

1. 'नाक कटना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?
A. नाक काट देना
B. अपमान होना
C. क्रोध आना
D. नाक से खून निकलना

2. 'आसमान से गिरा खजूर में अटका' मुहावरे का सही अर्थ है?
A. अचानक उड़ना
B. एक मुश्किल से निकलकर दूसरी में फँसना
C. पेड़ पर चढ़ जाना
D. नीचे गिरना

3. 'दाल में काला होना' का सही अर्थ है -
A. दाल अच्छी नहीं बनी
B. कुछ गड़बड़ होना
C. दाल जल गई
D. रंग बदलना

4. 'पसीना-पसीना होना' का अर्थ है -
A. खूब मेहनत करना
B. गर्मी लगना
C. डर जाना
D. दौड़ लगाना

5. 'कलेजा मुँह को आना' मुहावरे का अर्थ क्या है?
A. बहुत डर जाना
B. भूख लगना
C. बीमार होना
D. गुस्सा आना

6. 'नाक में दम करना' का सही अर्थ है -
A. नाक बंद हो जाना
B. बहुत परेशान करना
C. सुंघाई देना
D. जोर से बोलना

7. 'चेहरा उतर जाना' का अर्थ है -
A. चेहरा नीचे हो जाना
B. उदास हो जाना
C. चेहरा चमक उठना
D. नहाना

8. 'आँखों का तारा' का अर्थ है -
A. आँख में दर्द
B. बहुत प्यारा व्यक्ति
C. चमकदार आँख
D. दूर की चीज़

9. 'तीन-पाँच करना' का सही अर्थ है -
A. हिसाब लगाना
B. झगड़ा करना
C. तीन और पाँच जोड़ना
D. गणित पढ़ना

10. 'धूल चटाना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?
A. धूल खिलाना
B. हरा देना / पराजित करना
C. सफाई करना
D. दौड़ लगवाना

लोकोक्तियाँ

1. "ऊँट के मुँह में जीरा" लोकोक्ति का अर्थ है –
A. स्वाद बदलना
B. बहुत कम मात्रा होना
C. जीरा खाना
D. ऊँट का भोजन

2. "नाच न जाने आँगन टेढ़ा" का सही अर्थ है –
A. आँगन में नाचना
B. अपनी गलती दूसरों पर थोपना
C. सीधा नाचना
D. नाच में रुचि न होना



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

3. "घर का भेदी लंका ढाए" का अर्थ है –
A. रावण को हराना
B. घर तोड़ देना
C. अपनों से ही नुकसान होना
D. युद्ध करना

4. "साँप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे" का अर्थ है –
A. साँप पालना
B. दोनों पक्षों को संतुष्ट करना
C. लाठी से मारना
D. डर से भागना

5. "अधजल गगरी छलकत जाए" का क्या अर्थ है?
A. पानी बह जाना
B. ज्ञानी होना
C. अधकचरे लोग अधिक दिखावा करते हैं
D. पानी भरना

6. "चोर की दाढ़ी में तिनका" लोकोक्ति का मतलब है –
A. दाढ़ी में तिनका फँस जाना
B. चोर होना
C. अपराधी स्वयं ही पकड़ा जाए
D. दाढ़ी रखना

7. "बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद" का अर्थ है –
A. अदरक खाना पसंद है
B. जो मूल्य नहीं जानता वह क्या समझेगा
C. स्वाद पहचानना
D. जानवर और खाना

8. "जिसकी लाठी उसकी भैंस" का क्या अर्थ है?
A. लाठी से भैंस हाँकना
B. बलवान की ही चलती है
C. भैंस दूध देती है
D. लाठी लेकर चलना

9. "अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत" का अर्थ है –
A. खेत में चिड़िया आ गई
B. समय निकल जाने के बाद पछताना व्यर्थ है
C. चिड़िया खाना
D. पछताना जरूरी है

10. "करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान" का सही अर्थ है –
A. अभ्यास व्यर्थ है
B. मूर्ख कभी नहीं सीखता
C. लगातार अभ्यास से मूर्ख भी विद्वान बन सकता है
D. अभ्यास से परेशानी



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

